प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं दी

जयपुर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। राठौड़ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को आज़ादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। यह दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और आत्मचिंतन का अवसर है। राठौड़ ने कहा कि आज का दिन हमें देश की एकता, अखंडता और समर्पण की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। हम सभी मिलकर देश को सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बनाने का संकल्प लें। राठौड़ ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे देशभक्ति की भावना को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ 15 अगस्त को प्रातः 8:30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में ध्वजारोहण करेंगे। वहीं बड़ी चौपड़ पर प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

खड़गे के अपमान के विरोध में जयपुर में कांग्रेस का विरोध मार्च

'पार्टी जातिवादी सोच और लोकतंत्र के कथित अपमान के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी'

जयपुर। हल्द्वानी की कथित दुर्भाग्यपूर्ण घटना और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्षमल्लिकार्जुन खड़गे के अपमान के विरोध में जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शुक्रवार को विरोध मार्च निकाला गया। मार्च राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर गांधी सर्किल तक पहुंचा। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया।विरोध मार्च में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षगोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, शकुंतला रावत, सांसद भजनलाल जाटव, पूर्व अध्यक्ष आर.आर. तिवारी, पूर्व विधायकगंगा देवी, पूर्व प्रत्याशी डॉ. अर्चना शर्माऔर पुष्पेंद्र भारद्वाज सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण स्थल का शुद्धिकरण किया जाना जातिवादी सोच को दर्शाता है। उन्होंने इसे देश और लोकतंत्र का अपमान बताया।

खड़गे के अपमान के विरोध में कांग्रेस ने विरोध मार्च निकाला। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जूली, गोविंद सिंह डोटासरा व प्रताप सिंह खाचरियावास आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

- **जयपुर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने भाजपा से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि उनके साथ भी पूर्व में इसी तरह का कथित कृत्य किया गया था और अब देश के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ऐसी घटना दोहराई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संविधान और कानून व्यवस्था के प्रति भाजपा की सोच को दर्शाता है।

जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी खड़गे के अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने भाजपा से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी जातिवादी सोच और लोकतंत्र के कथित अपमान के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी।

सार-समाचार

छात्र-छात्राओं को निशुल्कः स्टेशनरी, पेंसिल,रूल, रबड़ इत्यादि का वितरण

जयपुर । व्यास सेवा संस्थान एवं उत्कर्ष संस्थान जयपुर द्वारा गायत्री परिवार द्वारा संचालित मां भगवती उच्च प्राथमिक विद्यालय किरण पथ मानसरोवर में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्कः स्टेशनरी यथा कॉपियां,पेन, पेंसिल,रूल, रबड़ इत्यादि का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता 1008 नर्मदा शंकर गिरी जी महाराज महामंडलेश्वर, शशिकला अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल,अनीताअग्रवाल, संस्थान के पदाधिकारी संस्थापक सचिव नरेंद्र व्यास, सुभाष चंद्र झा,कमल किशोर शर्मा, विनोद व्यास, विजय व्यास, तथा गायत्री परिवार के केदार शर्मा, प्रधानाचार्य शिवानी, सचिव प्रबुद्ध शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां गायत्री माता के चित्र के सामने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। स्वर्गीय इंदु व्यास के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई सभी वक्ताओं ने छात्र को संबोधित करते हुए नैतिक शिक्षा एवं सनातन बारे में विस्तृत रूप से समझाया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को कोर्स के रूप में आवश्यक स्टेशनरी का निशुल्क वितरण किया कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी महेश भारद्वाज द्वारा किया गया। अंत में संस्थान के अध्यक्ष कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) द्वारा बताया गया कि अब तक इस सत्र में दोनों संस्थाओं द्वारा 150000 अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया जा चुका है। संस्थान इसके अतिरिक्त गौ सेवा, निशुल्क मैडिकल कैंप, सार्वजनिक मंदिर का संचालन भी करता है महेश भारद्वाज द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

डॉ. सुदीप्ति इंडियन वुमन नेटवर्क राजस्थान चैप्टर की नई चेयरपर्सन बनीं

जयपुर। डॉ. सुदीप्ति अरोड़ा, जयपुर के डॉ. बी. लाल इंस्टीट्यूट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी में एक कुशल एनवायरनमेंटल रिसर्च साइंटिस्ट और डायरेक्टर हैं। वेस्ट मैनेजमेंट, खासकर सॉलिड और लिक्विड वेस्ट ट्रीटमेंट में स्पेशलाइज़ेशन के साथ, उनके पास वर्मीफ़िल्ट्रेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके नेचर-बेस्ड वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट सॉल्यूशन का पेटेंट है। वह "प्रकृतिः ए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन एनवायरनमेंटल बायोटेक्नोलॉजी" की फ़ाउंडर भी हैं और प्रकृति सस्टेनेबल इंटीग्रेटेड फ़ाउंडेशन कंपनी की डायरेक्टर के तौर पर काम करती हैं। 2026 में, डॉ. अरोड़ा को सरकार ने चेवनिंग फ़ेलो के तौर पर चुना था और उन्होंने ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में अपनी फ़ेलोशिप पूरी की, जहाँ उन्होंने सस्टेनेबिलिटी और नेट-ज़ीरो ट्रांज़िशन के लिए लीडरशिप, इनोवेशन, सिस्टम्स थिंकिंग और टेक्नोलॉजी-बेस्ड तरीकों पर काम किया। इस फ़ेलोशिप ने जटिल ग्लोबल चुनौतियों से निपटने में सक्षम, भविष्य के लिए तैयार लीडर्स बनाने के उनके विज़न को और मज़बूत किया है। डॉ. अरोड़ा ने प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की से अपनी .. और मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी जयपुर से एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में मास्टर्स डिग्री हासिल की है।

गुलज़ार के जन्मदिन पर उनके रचित गीतों की शाम आयोजित



जयपुर । शास्त्री नगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से बॉलीवुड के मशहूर गीत कार गुलज़ार के जन्मदिन के मुबारक मौके पर उनके रचित सदाबहार गीतों की शाम आयोजित की जाएगी। संस्थान के सचिव अमित अनुपम ने बताया कि कार्यक्रम 18 अगस्त की शाम 4:00 बजे शास्त्री नगर स्थित संस्थान परिसर में होगा। इसमें संस्थान के बाल और युवा कलाकार गुलजार रचित गीतों को माला अपनी आवाज़ में पिरोएँगे।

'कम परीक्षा परिणाम के आधार पर अध्यापक को नहीं कर सकते दंडित'

जयपुर, (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने विभागीय मापदंड से कम परीक्षा परिणाम देने पर वरिष्ठ अध्यापक के खिलाफ की गई दंडात्मक कार्रवाई को गलत मानते हुए रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को समस्त परिलाभ देने के लिए कहा है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश करौली जिले के जटवाडी उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक महेश शर्मा की याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि केवल कम परीक्षा परिणाम के आधार पर शिक्षक को दंडित नहीं किया जा सकता। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता साल 2018 से साल 2020 तक करौली जिले में लखरूकी के स्कूल में अंग्रेजी विषय का वरिष्ठ अध्यापक था। इस साल 10 वीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का परीक्षा परिणाम विभागीय मापदंड से कम आया। जिस पर माध्यमिक शिक्षा संयुक्त निदेशक ने उसे चार्जशीट दी और जुलाई 2021 में उसे परिनिंदा का दंड दिया। इसकी खिलाफ पेश अपील पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने भी दंड को बरकरार रखा। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा कि पूर्व के सालों में उसके स्कूल का परिणाम सदैव उत्कृष्ट रहा है। केवल एक साल कम परीक्षा परिणाम आने पर उसे दंडित नहीं कर सकते। वहीं उस साल कोविड के चलते लॉक डाउन भी लग गया था। हर छात्र का पढ़ने का स्तर एक जैसा नहीं होता है। उसे कम परिणाम के लिए दोषी करार देकर दंडित करना गलत है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता के दंडादेश को रद्द कर दिया है।

बालगृहों में बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए शिविर आयोजित

जयपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा शुक्रवार 14 अगस्त 2026 को जयपुर जिले के विभिन्न बालगृहों में निवासरत बालक-बलिकाओं के आधार कार्ड बनवाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीएलएसए मेट्रो द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि शिविर में उन वंचित बच्चों का आधार कार्ड बनवाने हेतु आवेदन किया गया जिनके माता-पिता नहीं हैं और जिनका आधार कार्ड किसी भी कारण से नहीं बन पाया है। यह शिविर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (डी ओ आई टी) और जिला बाल संरक्षण विभाग (डी सी पी यू) के संयुक्त समन्वय से एसओएस बालग्राम, पीतल फैक्ट्री, जयपुर में आयोजित किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय पल्लवी शर्मा ने बताया कि शिविर में जयपुर के विभिन्न बालगृहों यथा समर्पण संस्थान, मातृछाया बालगृह, बाल बसेरा गृह, एसओएस चिल्ड्रन विलेज, आंचल बालिका गृह, सुमन संस्थान बाल गृह, सुमन संस्थान बालिका गृह, रेज़ आशा की एक नई किरण, बाल बसेरा आश्रय गृह, नया सवेरा सोसाइटी आश्रय गृह के कुल 55 बच्चों के आधार कार्ड बनाने अथवा अपडेट के लिए आवेदन करवाए गए। इनमें से 27 बच्चों के आधार कार्ड मोके पर ही बनाए।

35 मामलों का हिस्ट्रीशीटर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर, (निसं)। कालवाड़ थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी कालवाड़ थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी और आर्म्स एक्ट के करीब 35 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से हाथोज स्थित हॉट बाजार से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस बाइक भी बरामद की है।

राजस्थान संपर्क 181 पोर्टल का निरीक्षण

जयपुर, (निसं)। गृह (मानवाधिकार) विभाग के संयुक्त शासन सचिव सुखवीर सैनी ने शुक्रवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल- 181 कॉल सेंटर का दौरा कर जनसुनवाई एवं परिवाद निस्तारण प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान संपर्क स्टेट व्यू एनालिटिक्स डैशबोर्ड के माध्यम से गृह विभाग से संबंधित परिवादों की वास्तविक स्थिति एवं प्रगति की गहन समीक्षा की। डैशबोर्ड समीक्षा में गृह विभाग के परिवादों की अद्यतन स्थिति सामने आई। विभाग से जुड़े कुल 402 पंजीकृत परिवादों में से 306 का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है, जो 76 प्रतिशत से अधिक है। विभाग में 180 दिन (6 माह) से अधिक अवधि का एक भी परिवाद लंबित नहीं है, परिवादियों की संतुष्टि का प्रतिशत 65.09 दर्ज किया गया। संयुक्त शासन सचिव सुखवीर सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निस्तारण की गति के साथ-साथ परिवादियों की संतुष्टि दर को और बढ़ाया जाए। परिवादों की विषयवार (सामान्य परिवाद, कार्मिक संबंधी, सेवा प्रदायगी आदि) सटीक मैपिंग संबंधित स्तर के अधिकारियों (1, 2, 3 4) के साथ की जाए, जिससे शिकायत सीधे सक्षम अधिकारी तक त्वरित गति से पहुंच सके।

- **402 में से 306 प्रकरणों का निस्तारण, 180 दिन से अधिक कोई मामला लंबित नहीं**

उन्होंने कॉल सेंटर प्रतिनिधियों एवं निस्तारण अधिकारियों में संवेदनशीलता बढ़ाने तथा रिपोर्टिंग व्यवस्था को त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने पर भी बल दिया। साथ ही 60 से 90 दिन एवं 91 से 180 दिन की श्रेणी के चुनिंदा प्रकरणों को प्राथमिकता देकर परिवादी की पूर्ण संतुष्टि के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सैनी ने गृह विभाग से संबंधित कई परिवादियों से फोन पर सीधे बात कर उनकी समस्याएं जानीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

'भूखंड के सामने कोई भी निर्माण कार्य न करे रेलवे'

जयपुर, (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सांगानेर तहसील के गांव नानकपुरा में रघुनंदन एन्क्लेव-डी में याचिकाकर्ता के व्यावसायिक भूखंड के सामने रेलवे को किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं करने का निर्देश दिया है। वहीं मामले में रेलवे से 21 अगस्त तक जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस आनंद शर्मा ने यह निर्देश अविनाश अग्रवाल की याचिका पर दिया।

याचिका में अनुश्री अग्रवाल ने बताया कि याचिकाकर्ता का रघुनंदन एन्क्लेव-डी में एक व्यावसायिक भूखंड है। जेडीए ने इसकी इसकी लीज डीड 26 अक्टूबर, 2015 को जारी की थी। इस भूखंड के पूर्वी हिस्से में 200 फीट की रोड बताई गई है, लेकिन रेलवे ने बिना कोई कानूनी प्रक्रिया अपनाए वहां पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इससे याचिकाकर्ता का रोड तक जाने का रास्ता ही बंद हो जाएगा। वहीं रेलवे ने मामले में जवाब के लिए समय मांगा। जिस पर अदालत ने प्रार्थी के भूखंड के सामने रेलवे को कोई निर्माण कार्य नहीं करने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट ने आदेश के बावजूद कैदी को स्थायी पैरोल का लाभ नहीं देने पर नाराजगी जताई

जयपुर, (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद कैदी को स्थायी पैरोल का लाभ नहीं देने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने डीजी जेल और राज्य स्तरीय पैरोल सलाहकार समिति के सदस्यों को 18 अगस्त को पेश होकर बताने को कहा है कि क्यों ना उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई अमल में लाई जाए।

वहीं अदालत ने एसीएस गृह को हाजिर होकर बताने को कहा है कि राज्य सरकार के 1 मई 2024 का आदेश किस तरह विधि सम्मत है।

अदालत ने एसीएस गृह से यह भी पूछा है कि याचिकाकर्ता को गत 22 जुलाई से 4 अगस्त को एएजी के मौखिक निर्देश देने तक स्थायी पैरोल पर रिहा क्यों नहीं किया है। अदालत ने कहा है कि क्यों न इसमें लिए जिम्मेदार अफसरों पर हर्जाना लगाकर उसे याचिकाकर्ता को दिलाया जाए।

जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश सुनील की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बावजूद राज्य स्तरीय पैरोल समिति ने मामले पर इस तरह पुनः विचार किया, जैसे वह कोर्ट के निर्देशों के ऊपर हो सकती है, जबकि अदालत ने प्रकरण पर पुनः विचार करने का कोई विवेकाधिकार नहीं छोड़ा था। यह प्रथम दृष्ट्या अवमानना प्रकट करता है।

- **डीजी जेल और पैरोल समिति के सदस्यों के खिलाफ क्यों ना अवमानना की कार्रवाई करें, एसीएस गृह भी आकर दे जवाब- हाईकोर्ट**

याचिका में अधिवक्ता बीआर चौधरी ने कहा कि हाईकोर्ट ने गत 3 जुलाई को पैरोल सलाहकार समिति की कार्रवाई को निरस्त कर जिला मजिस्ट्रेट को जमानत लेकर याचिकाकर्ता को स्थायी पैरोल पर रिहा करने को कहा था। इस आदेश के तहत झुंझुनूं जिला मजिस्ट्रेट ने 22 जुलाई को दौसा जेल अधीक्षक को मामला भेजकर याचिकाकर्ता को रिहा करने को कहा था।

इसके बावजूद जेल अधीक्षक ने सरकार के 1 मई, 2024 के आदेश का हवाला देते हुए प्रकरण पुनः तैयार कर डीजी जेल के पास भेज दिया। वहीं राज्य स्तरीय पैरोल कमेटी ने 16 जुलाई को बैठक कर प्रकरण पर विचार किया और स्थायी पैरोल पर रिहा करने की सिफारिश की।

याचिकाकर्ता ने कहा कि कोर्ट ने याचिकाकर्ता को स्पष्ट रूप से रिहा करने को कहा था, लेकिन उसे कोर्ट के दखल के बाद 4 अगस्त को रिहा किया गया।

वहीं एएजी की ओर से कहा गया कि समस्या गृह विभाग के 1 मई के आदेश के कारण पैदा हुई, लेकिन भविष्य में कोर्ट के निर्देशों की तुरंत पालना की जाएगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने एसीएस, डीजे जेल और समिति सदस्यों को तलब किया है।

वीबी-जी रामजी योजना के तहत श्रम नियोजन में राजस्थान देश में प्रथम

योजना के लिए अब तक का सर्वाधिक बजटीय प्रावधान

जयपुर। प्रदेश में 1 जुलाई, 2026 को शुरू हुई विकसित भारत-गारंटीफॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत श्रमिक नियोजनके मामले में राजस्थान देश भर में प्रथम स्थान पर है।

योजना के तहत 10 अगस्त, 2026 तक 77 हजार 814 कार्यों पर 8.59 लाख श्रमिकों का नियोजन किया गया है जबकि गत वर्ष इसीअवधि में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत 6.37 लाख श्रमिकों का नियोजन हुआ था। इस प्रकार वर्तमान योजना के तहत श्रमिक नियोजन में लगभग 2.22 लाख की वृद्धि हुई है, जो कि 34.85 प्रतिशत अधिक है।

विकसित भारतजी राम जी योजना के तहत कुशल एवं अद्धर्कुशल श्रमिकों को भी श्रम मद में शामिलकिया गया है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत इन श्रमिकों का भुगतान सामग्री मदसे किया जाता था, जिसके कारण राशि की उपलब्धता में कमी होने पर भुगतान में विलंब की समस्या उत्पन्न होती थी।

- **प्रत्येकपात्र ग्रामीण परिवार को 125 दिन का रोजगार**

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा योजना के लिएकेन्द्रीयांश राशि 7,581.87 करोड़ रुपये आवंटित की गई है, जबकि राज्य सरकार द्वारा राज्यांश के रूप में 5,054.57 करोड़ रुपये का प्रावधान राज्य बजट में किया गया है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में योजना के लिए कुल 12,636.44 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गयाहै, जो अब तक का सर्वाधिक बजटीय प्रावधान है। मिशन के अंतर्गत चार श्रेणियों के 318 प्रकार के कार्य अनुमत हैं। उल्लेखनीय है किपूर्ववर्ती महात्मा गांधी नरेगा योजना में 266 प्रकार के कार्य ही अनुमत थे। विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत जुलाई, अगस्त एवंसितंबर 2026 के लिए श्रम मद में 2,105.89 करोड़ रुपये, सामग्री मद में 1,403.93 करोड़ रुपये तथा प्रशासनिक मद में 280.78 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि केन्द्रीयांश एवं राज्यांश के रूप में जारी की जा चुकी है। योजना के तहत सामग्री मद में प्रत्येक ग्राम पंचायत को औसतन 12.4 लाख रुपये की अग्रिम राशि जारी की गई है।

जयपुर उत्तर में 26.38 लाख रुपए का मादक पदार्थ नष्ट

जयपुर, (निसं)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जयपुर उत्तर पुलिस ने विभिन्न मामलों में जब्त 84 किलो 504 ग्राम 42 मिलीग्राम मादक पदार्थ का नियमानुसार विनष्टीकरण कराया। नष्ट किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित बाजार कीमत 26 लाख 38 हजार 701 रुपए आंकी गई है।

पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 13 अगस्त 2026 को गठित विशेष समिति की मौजूदगी में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त मादक पदार्थों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नष्ट कराया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ पर्यावरण संबंधी निर्धारित मानकों और दिशा-निर्देशों का भी पालन किया गया।

पुलिस के अनुसार विनष्टीकरण में 8.439 किलोग्राम गांजा, 77.992 किलोग्राम डोडा पोस्त और 73.42 ग्राम स्मैक शामिल थी।

17 अगस्त को निकाय व 18 को पंचायत चुनाव की आरक्षण लॉटरी

जयपुर, (निसं)। नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर जयपुर जिले में चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं। जिले में 17 अगस्त को नगरीय निकायों के वार्डों के वर्गवार एवं महिला आरक्षण की लॉटरी निकाली जाएगी, जबकि इसके अगले दिन 18 अगस्त को पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न पदों के आरक्षण का निर्धारण एवं श्रेणीवार आवंटन किया जाएगा। इन प्रक्रियाओं के साथ ही आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक के आदेशानुसार नगर निगम जयपुर के 150 वार्डों के वर्गवार आरक्षण एवं महिला आरक्षण की लॉटरी 17 अगस्त को सुबह 10 बजे कलक्ट्रेट सभागार में निकाली जाएगी। प्रक्रिया राजस्थान नगर पालिका निर्वाचन अधिनियम, 2009 एवं नियम, 1994 के प्रावधानों के तहत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे जयपुर जिले की नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के वार्डों के आरक्षण की लॉटरी शुरू होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सबसे पहले जोबनेर के 20 वार्डों की लॉटरी होगी। इसके बाद बगरू के 35,वाटिका के 25, चाकसू के 35, चौमूं के 45, कालाडेरा के 20, जमवारामगढ़ के 35, दूदू के 25, फागी के 20, फुलेरा के 25, सांभर के 25, किशनगढ़ रेनवाल के 35, नारायणा के 25, बस्सी के 35, कानोता के 20, शाहपुरा के 55, मनोहरपुर के 35 तथा खेजरोली के 25 वार्डों के लिए क्रमशः लॉटरी निकाली जाएगी।

पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के लिए 18 अगस्त को आरक्षण निर्धारण एवं श्रेणीवार आवंटन की प्रक्रिया होगी।

विदेशी एमबीबीएस डॉक्टर समेत तीन चरस तस्कर गिरफ्तार

जयपुर, (निसं)। जयपुर कमिश्नरेट की दक्षिण जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन जागृति' के तहत कार्रवाई करते हुए चरस तस्करी के आरोप में तीन जनों को गिरफ्तार किया है। डीएसटी दक्षिण और शिप्रापथ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 13 ग्राम चरस बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कार्पियो भी जब्त की गई है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज (आईपीएस) ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार और तस्करों के खिलाफ अभियान के तहत डीएसटी प्रभारी विशंभर दयाल और शिप्रापथ थानाधिकारी हितेश शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

पुलिस ने 'ऑपरेशन जागृति' के तहत कार्रवाई करते हुए चरस तस्करी के आरोप में तीन जनों को गिरफ्तार किया ।

- **आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 13 ग्राम चरस बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई**
- **गिरफ्तार आरोपियों में डॉ. मोंटी सिंह पुलिस के अनुसार विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई की है**

जहां पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ा। तलाशी में 1 किलो 13 ग्राम अवैध चरस मिली। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल स्कार्पियो भी जब्त की है।

गिरफ्तार आरोपियों में डॉ. मोंटी सिंह (26) भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार मोंटी सिंह ने विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई की है, लेकिन चिकित्सा क्षेत्र में काम करने के बजाय मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हो गया। पुलिस अब आरोपियों से चरस की खरीद, सप्लाई और बिक्री से जुड़े नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार डॉ. मोंटी सिंह पुत्र हयात सिंह, डिग्री चौराहा टनकपुर रोड, थाना खटीमा, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) का निवासी है।

दूसरा आरोपी रोहित मेहर (26) पुत्र बलवंत सिंह मेहर, ग्राम तिगरी, टनकपुर रोड, थाना चकरपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) तथा तीसरा आरोपी चंद्रभान सिंह (26) पुत्र सियाराम गुर्जर, ग्राम ताजपुर, पोस्ट कंजौली, थाना बालघाट, जिला करौली का रहने वाला है।पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ की सप्लाई के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी विशंभर दयाल, शिप्रापथ थानाधिकारी हितेश शर्मा, एसआई धर्मेंद्र, एएसआई लालाराम व प्रेमचंद, हेड कांस्टेबल हंसराज, अभयसिंह, राजेश, मानसिंह, भीमसिंह, तकनीकी शाखा के लोकेश व रामसिंह तथा कांस्टेबल नारायण, प्रेमचंद, अजयपाल, राजवीर और देवेंद्र की विशेष भूमिका रही।

उधम उद्घोष में गूंजा शहीद उधम सिंह का शौर्य

जयपुर, (निसं) । देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी शहीद सरदार उधम सिंह की स्मृति में शुक्रवार को जयपुर स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में 'उधम उद्घोष : हम हैं उधम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत कर शहीद उधम सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद उधम सिंह का अदम्य साहस, मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी प्रत्येक भारतीय को देशहित में समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन त्याग, शौर्य और संकल्प की ऐसी अमर गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का संदेश देती रहेगी। उन्होंने शहीद उधम सिंह के महान बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले वीर सपूतों का योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।